बेगुसराय: विश्व का सबसे प्रदूषित महानगर

चर्चा में क्यों?

स्विस संगठन IQAir द्वारा जारी **विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2023** के अनुसार, बिहार का बेगुसराय विश्व का सबसे प्रदूषित महानगरीय क्षेत्र बन गया है।

मुख्य बिंदु:

- यह रिपोर्ट बांग्लादेश और पाकिस्तान के बाद 134 देशों के बीच वायु प्रदूषण के स्तर में **तीसरे स्थान पर भारत की रैंकिंग** को रेखांकित करती है।
  - यह वर्ष 2022 से बदलाव का प्रतीक है जब भारत वायु प्रदूषण के मामले में विश्व स्तर पर आठवें स्थान पर था।
- **118.9 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर** की औसत **PM2.5 सांद्रता** के साथ, बेगुसराय ने अन्य सभी महानगरीय क्षेत्रों को पीछे छोड़ दिया है।
- दिल्ली को एक बार फिर सबसे खराब वायु गुणवत्ता वाली राजधानी के रूप में नामित किया गया है। इसका PM2.5 स्तर भी **वर्ष 2023 में 89.1 से घटकर 92.7 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर** हो गया है।
  - दिल्ली ने वर्ष 2018 से लगातार चौथे वर्ष सबसे **प्रदूषित राजधानी का खिताब बरकरार रखा है।**
- यह रिपोर्ट इस बात पर प्रकाश डालती है कि:
  - लगभग 1.36 अरब लोग **विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)** के 5 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर के दिशा-निर्देश से अधिक PM 2.5 स्तर के संपर्क में हैं।
- 1.33 बिलियन व्यक्ति, जो कि भारतीय आबादी के 96% के बराबर है, **WHO मानक** से सात गुना अधिक PM2.5 स्तर से जूझ रहे हैं।
- इस रिपोर्ट के लिये डेटा विश्व में **वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशनों और सेंसर के एक व्यापक नेटवर्क** से संकलित किया गया था, जिसमें विभिन्न संस्थान, संगठन तथा नागरिक वैज्ञानिक शामिल थे।
  - वर्ष 2023 की रिपोर्ट ने **134 देशों में 7,812 स्थानों** को शामिल करने के लिये अपने कवरेज़ का विस्तार किया है, जबकि वर्ष 2022 में **131 देशों में 7,323 स्थानों** को शामिल किया गया है।
- इस रिपोर्ट के अनुसार:
  - वायु प्रदूषण एक **गंभीर वैश्विक मुद्दा** बना हुआ है, जो विश्व में नौ में से लगभग एक मृत्यु का कारण बनता है।
  - WHO का अनुमान है कि वायु प्रदूषण के कारण हर वर्ष **सात मिलियन व्यक्तियों की समय से पहले मृत्यु हो जाती है** , जिससे व्यक्ति अस्थमा, **कैंसर, स्ट्रोक और फेफड़ों की बीमारी** जैसी विभिन्न स्वास्थ्य स्थितियों से प्रभावित होते हैं।
  - PM2.5 प्रदूषण के उच्च स्तर के संपर्क में आने से बच्चों के संज्ञानात्मक विकास, मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर पड़ सकता है और मधुमेह जैसी मौजूदा बीमारियाँ बढ़ सकती हैं।



//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/begusarai-world-s-most-polluted-metropolitan